दिनांकः 03.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन भरने का कल अंतिम दिन–अब तक 54 प्रत्याशियों ने 89 नामांकन दाखिल किये।
- प्रदेश में चुनाव प्रचार ज़ोरों पर–आज भी विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं की प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं।
- भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण ने ई–कॉमर्स खाद्य कारोबारी ऑपरेटर्स से खाद्य उत्पादों का उचित वर्गीकरण करने को कहा।
- प्रदेश में आज से एक ओर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना–तापमान में तीन से चार डिग्री की आई गिरावट।

......

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर नामांकन भरने की कल आखिरी तारीख है। इसके साथ ही प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र भरने का सिलसिला जारी है। कल 27 उम्मीदवारों ने 45 नामांकन पत्र पेश किये। इस चरण में अब तक 54 प्रत्याशियों ने 89 नामांकन दाखिल किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण के लिए कल चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र से चार, टोंक–सवाईमाधोपुर, पाली, जोधपुर, जालौर और कोटा से तीन–तीन, अजमेर और बाड़मेर से दो–दो तथा उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा और झालावाड़–बारां लोकसभा क्षेत्र से एक–एक प्रत्याशी ने नामांकन प्रस्तुत किया। वहीं बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए अब तक एक भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। दूसरे चरण में 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 26 अप्रैल को मतदान होगा और मतगणना 4 जून को होगी।

......

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जोर–शोर से चुनावी सभाएं कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कोटा, जालौर और आबूरोड़ के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री कोटा से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में सभा को संबोधित करेंगे। कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां चुनावी रंगत परवान पर है।

......

कोटा के बाद मुख्यमंत्री नून हवाई पट्टी जालौर के लिए रवाना होंगे। वे जालौर से पार्टी के उम्मीदवार लुम्बाराम के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का आसोतरा में मंदिर के दर्शन करने का कार्यक्रम है। वे शाम को आबूरोड के लिए रवाना होंगे और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम में रात्रि विश्राम करेंगे।

उधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज झालावाड़ में पार्टी प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। झालावाड़ के प्रवीण शर्मा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाली सभा में पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे भी मौजूद रहेंगी।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज भीलवाड़ा से कांग्रेस के उम्मीदवार डॉ. सी.पी. जोशी की नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद रहेंगे। टोंक–सवाईमाधोपुर से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा आज अपना नाम निर्देशन पत्र भरेंगे। इस मौके पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मौजूद रहेंगे।

......

निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए मिथक और वास्तविकता के नाम से एक प्लेटफॉर्म की शुरूआत की है। इसे आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसके जरिये सूचनाओं की पुष्टि, भ्रामक सूचनाओं और मिथकों के प्रसार पर रोक लगाने तथा चुनाव के दौरान प्रमुख मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
इस प्लेटफॉर्म पर चुनाव से जुड़ी भ्रामक सूचनाओं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रहे मिथकों, महत्वपूर्ण विषयों के बारे में आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों तथा सभी संबंधित पक्षों के लिए विभिन्न वर्गों के तहत संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

......

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये नागौर से हमारे श्रोता का संदेश –

......

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफ.एस.एस.ए.आई. ने सभी ई–कॉमर्स खाद्य कारोबारी ऑपरेटरों से अपनी वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य उत्पादों का उचित वर्गीकरण करने को कहा है। प्राधिकरण ने पाया है कि कुछ ई–कॉमर्स वेबसाइट पर दूध से बने मिश्रित पेय पदार्थ तथा अनाज और माल्ट से बने पेय पदार्थ, हेल्थ ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक की श्रेणी के तहत बेचे जा रहे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि प्राधिकरण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हेल्थ ड्रिंक खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम तथा विनियमों के तहत कहीं भी परिभाषित नहीं हैं। प्राधिकरण ने सभी ई–कॉमर्स खाद्य कारोबारी ऑपरेटरों को अपनी वेबसाइट से इस गलत वर्गीकरण को तुरंत ठीक करने तथा ऐसी ड्रिंक और पेय पदार्थों को हैल्थ ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक की श्रेणी से हटाने को कहा है। मंत्रालय ने कहा है कि यह कार्रवाई इसलिए की गई है, ताकि उपभोक्ता बिना किसी भ्रामक सूचना के सही विकल्प चुन सकें।

......

प्रदेश में उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 में पेपरलीक मामले में एस.ओ.जी. ने कल राजस्थान पुलिस अकादमी से प्रशिक्षु पुलिस उप निरीक्षकों को डिटेन किया है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक वी.के. सिंह ने बताया कि दो महिलाओं सहित कुल 15 प्रशिक्षु पुलिस उपनिरीक्षकों को पूछताछ के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि इनमें से किसी भी प्रशिक्षु पुलिस उपनिरीक्षक को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन पूर्व के अनुसंधान और विभिन्न प्रकार की शिकायतों के आधार पर इनसे पूछताछ की जा रही है।

......

प्रदेश में आज से एक ओर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चूरू, सीकर, झुंझुनू, अलवर और आस–पास मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष भागों में मौसम शुष्क रहेगा। इस बीच, आज हनुमानगढ और चूरू में बादल छाए हुए हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। विभाग ने बताया कि अगले दो–तीन दिन तापमान सामान्य के आस–पास बने रहने की संभावना है।

......

दूरसंचार नियामक प्राधिकरण–ट्राई ने राष्ट्रीय प्रसारण नीति–2024 के लिए लोगों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए परामर्श पत्र जारी किया है। संचार मंत्रालय ने कहा कि प्रसारण उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसमें देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

......